नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय

लव-कुश नगर, मूंदी रोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001

Email: deangmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

क्रमांक 80/8 /भर्ती/2026 खण्डवा, दिनांक:- 14/10/2026

//सूचना पत्र//

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा जारी **समूह–2 उपसमूह–4 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2026** विज्ञापन के अंतर्गत महाविद्यालय के विज्ञापित **अस्सिटेंट लाइब्रेरियन** अ.ज.जा. श्रेणी के पदों के विरूद्ध **विशेष आदिम जनजाति समुदाय** के अभ्यर्थियों के बंद लिफाफे में प्राप्त आवेदनों का भर्ती नियमों/विज्ञापन अनुसार परीक्षण करने के उपरांत कार्यालयीन सूचना पत्र क./7829/भर्ती/2026 खण्डवा दिनांक:13.10.2026 के माध्यम से प्रवीणता क्रम में प्रावधिक पात्र 03 अभ्यर्थियों को दिनांक:16.10.2026 को मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया था।

उक्त के अनुक्रम में स्क्रुटनी समिति द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण करने के उपरांत, समिति की अनुसंशा के आधार पर निम्नानुसार अभ्यर्थियों को **पात्र/ अपात्र** घोषित किया जाता है।

पदनामः– अस्सिटेंट लाइब्रेरियन (01 ST-X-O)

सं. क.	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	जन्त तिथि	प्रतिशत (B.Lib.)	पात्र/अपात्र	रिमार्क
1	**श्री रोहित कुमार बैगा**	श्री राम विकास बैगा	16-12-2003	85.5	पात्र	B.Lib. की डिग्री प्रस्तुत नहीं की गई हैं।
2	**श्री सन्नूलाल भारती**	श्री मोहनी भारती	05-03-1995	81.8	पात्र	–
3	**श्री राजू आदिवासी**	श्री शिब्बू आदिवासी	13-07-1987	81	अपात्र	विज्ञापन की शर्तों अनुसार विवाह हेतु न्यूनतम निर्धारित आयु 21 वर्ष से पूर्व विवाह करने के कारण

नोटः–

1. उक्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि यदि उन्हें अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे अपने दावे के समर्थन में संबंधित मूल दस्तावेजो सहित स्वयं उपस्थित होकर इस सूचना पत्र के जारी होने के दिनांक से 03 कार्यदिवस (दिनांक:28.10.2026 तक) के अन्दर अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. उक्त पात्र/अपात्र सूची प्रकाशित होने के उपरांत यदि कोई त्रुटि संस्था के संज्ञान में आती है, तो संस्था के पास सूची में आवश्यक संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
3. यह सूची अंतिम चयन सूची नहीं है। अभ्यर्थी इसे चयन का आधार न मानें। अंतिम चयन भर्ती विज्ञापन, नियमों एवं निर्धारित चयन प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।
4. पात्रता संबंधी जानकारी में भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर तथ्यात्मक त्रुटि अथवा अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जानकारी/दस्तावेजों में विसंगति पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की पात्रता पुनः परीक्षण के अधीन होगी।
5. भर्ती प्रक्रिया से संबंधित एवं अन्य समस्त सूचनाओं हेतु अभ्यर्थी महाविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट https://www.gmckhandwa.org/ एवं अपने पंजीकृत ई–मेल आईडी का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

14/10

(डॉ. संजय कुमार दादु)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नंदकुमार सिंह चौहान शा.चि.महा. खण्डवा